(ख) इनकी जांच की गई है लेकिन परिचालनिक कठिनाई और संसाधनों की तंगी के कारण इन्हें व्यावहारिक नहीं पाया गया।

(ग) और (घ) भारतीय रेलों पर नई गाड़ियों, सवारी डिब्बों सहित अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था करना एक सतत् प्रक्रिया है, जो यातायात के औचित्य और परिचालनिक कठिनाई/संसाधनों की तंगी पर निर्भर करती है। अक्तूबर, 96 से 7003/7004 फलकनुमा एक्सप्रेस की बारबारता सप्ताह में तीन दिन से बढ़ाकर प्रतिदिन किए जाने का प्रस्ताव है। बहरहाल, विशाखापत्तनम के रास्ते से चल रही गाड़ियों के सवारी डिब्बों में वृद्धि करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

National Policy for Empowerment of Women

3239. SHRIMATI JAYAPRADA NAHATA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the Prime Minister has expressed his keenness to formulate a national policy for the empowerment of women to direct strategies for elimination of discrimination against them;

(b) if so, the main points of the national policy; and

(c) by when the same is likely to be announced?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI S.R. BOMMAI): (a) to (c) The Government of India, Department of Women and Child Development has prepared a draft of the National Policy for the Empowerment of Women. A copy of the draft is annexed. *[See Appendix 178, annexure a 78]* The policy will be announced upon approval.

Act on Public Liability Insurance for Hazardous Chemicals

3240. SHRI GHUFRAN AZAM: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state the reasons for which the Act brought by the Minbistry in 1990—the Public Liability Insurance for Hazardous Chemicals — and passed by Parliament in 1990, ratified by the President of India in January 1991, has not been introduced into the Insurance Sector as yet?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (CAPTAIN JAI NARAYAN PRASAD NISHAD): The Public Liability Insurance Act, 1991 has been gazetted with a view to ensure that owners handling notified hazardous chemicals takeout insurance policy to pay prescribed amount of relief in the event of death or injury to any person (other than a workman) or damage to any property resulting due to a chemical accident in the installation.

The Act is being administered by the General Insurance Corporation and its subsidiaries since 1991. As per information made available by them, till date 6837 policies have been issued and an amount of Rs. 22.44 crore has been collected as premium, The Same amount has also been collected as contribution to the Environment Relief Fund. Relief paid against claims so far in respect of six accidents amounts to Rs. 16,000.

इंटरसिटी एक्सप्रेस में खान-पान सुविधा

3241. **श्री राधाकिशन मालवीय:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हजरत निजामुद्दीन और इंदौर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रियों को खानपान की किस तरह की सुविधाएं उपलब्ध है, और

(ख) क्या इस रेलगाड़ी में रसोईयान सुविधा उपलब्ध है, और यदि नहीं, तो इस सुविधा के कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) इस गाड़ी के यात्रियों का चाय, नाश्ता, रात का भोजन पानी आदि जैसी खानपान सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

(ख) जी हां?